बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा LPA No. 354/2016, Dr. Ram Pravesh Singh & Others Vrs. The State of Bihar & Others में दिनांक 16.01.2017 को Ph.D. Degree (not in terms of the 2009 Regulation) को मान्य करते हुए लिखित परीक्षा आयोजित करने का न्यायादेश पारित किया गया है। उक्त आदेश के अनुपालन में विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अधीन राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या 24/2014 से 28/2014 के अंतर्गत LPA No. 354/2016 से प्रभावित उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा आयोजन हेतु अर्हित, औपबंधिक रूप से अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सूची आयोग के वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

उक्त LPA में पारित न्यायादेश के आलोक में ऐसे Ph.D डिग्रीधारी (जिनकी डिग्री दिनांक 23.09.2014 के पूर्व की है) उम्मीदवार जिनका नाम इस सूची में नहीं है, वे भी विहित प्रपत्र में बिहार लोक सेवा आयोग को निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि दिनांक 11.08.2017, संध्या 5.00 बजे तक आयोग में प्राप्त हो जाए। प्रेषित लिफाफा पर विज्ञापन संख्या, अनुक्रमांक, पदनाम एवं विषय का नाम अवश्य अंकित किया जाए। इसके बाद प्राप्त अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त सूचना एवं आपत्ति अभ्यावेदन का प्रपत्र आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। लिखित परीक्षा के कार्यक्रम अलग से शीघ्र प्रकाशित किए जायेंगे।

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना